

## हाट बाजार का स्थान परिवर्तन किया - 3 मार्च का बाजार पुराने बस स्टैंड पर लगेगा

ओंकारेश्वर - ( ललित दुबे)धार्मिक गणगौर पर्व को मध्य नजर रखते हुए 3 मार्च बुधवार हाट बाजार का स्थान प्रशासन द्वारा बदला गया है जिससे धार्मिक पर्व में परेशानी ना हो साथ ही आने वाले व्यापारियों को भी असुविधा ना हो नगर परिषद सीएमओ संजय गीते ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश तथा जनप्रतिनिधियों की मांग पर बालवाड़ी क्षेत्र में लगने वाला बुधवार हार्ड बाजारगणगौर माता विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी तथा गणगौर माता प्रमोद करोड़ी के निवास पर मेहमान बनाकर लाई जाएगी इसको दृष्टि गत रखते हुए बालवाड़ी में लगने वाला है हाट बाजार पुराने बस स्टैंड राव शोभा सिंह बस स्टैंड पोस्ट ऑफिस के पास से यात्री का धर्मशाला एवं ऊपरी क्षेत्र तक बुधवार बाजार लगाने की व्यवस्था की गई है पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति ने बताया कि धार्मिकपर्व की व्यवस्थाओं को लेकर नगर परिषद पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग विद्युत विभाग व जिम्मेदार सभी विभागों को पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपादित हो इस हेतु निर्देशित किया गया है नगर में साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था पेयजल व्यवस्थाव कानून व्यवस्था ठीक ढंग से किया जाए इसको लेकर सभी विभाग प्रमुखों को बता दिया गया है बुधवार हाट बाजार के संबंध में एसडीएम ने कहा पुराने बस स्टैंड पर बाजार की व्यवस्था की गई हैजिससे नगर वासीको धार्मिक पर्व के चलते किसी प्रकार परेशानी ना हो इसको लेकर व्यापारियों से अपील की है कि परिवर्तित स्थान पर बाजार लगे तथा नगर परिषद को मुलभुत सुविधा के निर्देश दिए गए

## बुद्ध विहार के बूथ क्रमांक 226 में देखा व सुना प्रसारण

बुरहानपुर। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,नेपानगर विधायक मंजू दादु,पूर्व महापौर अनिल भोसले ने इंदिरा कॉलोनी स्थित बौद्ध विहार के बूथ नंबर 226 में कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के साथ सुना। कार्यक्रम के पूर्व सांसद पाटील, नेपानगर विधायक, पूर्व महापौर अनिल भोसले ने भगवान बुद्ध व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को बहुत कुछ जानने और समझने का अवसर मिलता है। यह काफी प्रेरणादायक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी देश के विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से अपने मन की बात कहते हैं, जिससे जनता का उनके प्रति लगाव और बढ़ता है। इससे हम सभी को एक नयी ऊर्जा मिलती है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी जिन विषयों पर बात करते हैं। उनके विषय में लोगों को विस्तार से जानकारी मिलती है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, पार्टी के पदाधिकारीगण जनमानस आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात क्षेत्रवासियों द्वारा सांसद- विधायक,पूर्व महापौर अनिल भोंसले, मोहन पाटील, मनोज टंडन का भगवान बुद्ध की अष्टधातु की प्रतिमा देकर स्वागत, अभिनंदन किया गया।

### अमन चैन की दुआ के साथ एक दूसरे के गले मिलकर दाउदी बोहरा समाजजनों ने मनाई ईद-उल-फितर

बुरहानपुर। अंजुमन जमात कमेटी के कोडिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने बताया कि शहर 16 मस्जिदों में ईद के खुतबे के बाद विशेष नमाज अदा की गई जिसमें आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली ने नजमी मस्जिद एवम सहायक आमिल शेख यूसुफ भाई जमाली ने ताहेरी मस्जिद में समाज जनो को ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई। अंजुमन जमात क्क्रह कमेटी के कोडिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने बताया की ईद की विशेष नमाज के बाद सभी के साथ साथ तमाम आलम के लोगो की खुशहाली ओर तरक्की की दुआएं की जिसमे विशेष तौर पर हमारे देश में अमन सकून, तरक्की ओर खुशहाली की दुआएं सभी ने की। ईद उल फितर के मौके पर दाउदी बोहरा समाज जनों द्वारा एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई।

## जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक द्वारा आदर्श ग्राम में किया भ्रमण

खंडवा/जावर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद खंडवा के विकासखण्ड खंडवा के ग्राम अटूट भिकारी ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए। आदर्श ग्राम जानकारी ली गई। सभी नवांकुर संस्थाओं ने अपने अपने आदर्श ग्राम की कार्ययोजना बताई। ग्रामीणो ने भी अपने विचार रखे। नारायण फरकले ने बताया कि जन अभियान परिषद् के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़ ने गांव को आदर्श ग्राम बनाने हेतु संस्कार संस्कृति, प्रर्यावरण, एवं स्वास्थ्य शिक्षा की उचित व्यवस्था हो। ग्राम के लोग गांव में रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।समय समय पर आपस में गांव के विकास पर चिंतन करें। नशे से दूर रहें। गांव का भ्रमण करते हुए संस्कार केंद्र का भ्रमण किया। बच्चों से भी वार्तालाप करते हुए संस्कार केंद्र में बच्चों को पढ़ने के लिए कहा। बच्चों ने भी उत्कृष्ट जवाब दिया। उन्होंने आदर्श ग्राम में कई आयामों को सम्मिलित भी किया जायेगा। लल्लू सिंह सोलंकी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया धनपाल सिंह सोलंकी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक जगदीश पटेल, सभी विकासखंड के विकास खण्ड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों, मां नर्मदा सामाजिक सेवा समिति अटूट भिकारी,विकास खंड छैगांव माखन लोक रंग सामाजिक शोध संस्थान से अजय भलराय, नाथूराम मालवीय शिक्षा समिति से मुकेश मालवीय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर से नारायण फरकले,उदय एकता सामाजिक विकास कल्याण समिति से रामकुमार वर्मा, कुंभी पटेल शिक्षा समिति लोहारी से हेमराज पटेल, ग्राम विकास सेवा समिति चिकटिखाल, से प्रवीण मोर्य, नानाखेड़ा रैयत सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन भरत लोवंशी,संत श्री सिंगाजी सेवा उत्थान समिति जलवा से राकेश मालवीय सहित सरपंच जागेश्वर फूलमाली, उपसरपंच धर्मेंद्रराज तोमर, ग्रामीणजन उपस्थित थे

### कलाकारों ने शानदार नाट्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को किया आकर्षित

# सूर्य उपासना कार्यक्रम-सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन

**बुरहानपुर। नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य जी के जीवन चित्रण की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। यह कार्यक्रम हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रविवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित रहा। कार्यक्रम का अतिथियों द्वारा शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, सीईओ जिला पंचायत सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।**




कार्यक्रम में बताया गया कि, सम्राट विक्रमादित्य एक पराक्रमी, न्यायप्रिय और विद्ववान शासक थे, जिन्होंने अपने शासन काल में ना केवल भारत बल्कि पड़ोसी देशों तक अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। विक्रमादित्यजी की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की थी, जो केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, साहित्यिक और न्यायिक रूप से भी अद्वितीय थे। विक्रमादित्य के संबंध में कई कथाएँ और लोकगाथाएँ प्रसिद्ध है। ऐतिहासिक रूप से सम्राट विक्रमादित्य को 57 ईसा पूर्व में शासन करने वाला माना जाता है। उनके नाम पर ही विक्रम सम्वत् का प्रचलन हुआ, जो आज भी भारतीय पंचाग का एक प्रमुख सम्वत् है। विक्रमादित्य की सार्वभौम छवि और उनकी व्यापक सत्ता के प्रमाण विभिन्न ऐतिहासिक ग्रंथों, लोककथाओं और पुरातात्विक अवशेषों में मिलते है। विक्रमादित्य ने शक आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रारंभ किया।

**विक्रमादित्य युग (कैलेण्डर)**–फारसी विद्ववान अलबरूनी (973-1048 ईस्वीं) ने भारत का भारतीय के पांच युगों का उल्लेख किया है। विक्रमादित्य (57 ईसा पूर्व), शक (78 ईस्वीं), वल्लभ और गुप्त (319 ईस्वीं) श्री हर्ष (606 ईस्वीं)। हिन्दूओं के धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य स्थान पाने वाला संवत विक्रम संवत है। विक्रमादित्य युग का उपयोग दक्षिणी व पश्चिमी भारत में हिन्दूओं द्वारा प्रमुखता से किया जाता था।

**हिन्दू नववर्ष का सांस्कृतिक महत्व**–हिन्दू नववर्ष का सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह एक अवसर होता है। जब हम अपने पुराने वर्षो की कठिनाईयों, संघर्षों और समस्याओं को पीछे छोड़कर, एक नई शुरूआत करते है। यह एक पुनः निर्माण का समय है, जब हम अपने जीवन में सुधार और परिवर्तन लाने का संकल्प करते है। विदित है कि मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के आदेशानुसार विक्रम संवत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम के तहत नाट्य प्रस्तुति ''सम्राट विक्रमादित्य'' का मंचन किया गया। इस अवसर पर नाट्य प्रस्तुति रंगाभरण सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था जबलपुर द्वारा किया गया। नाट्य दल का निर्देशन अक्षय ठाकुर ने किया। कार्यक्रम समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा कलाकारों को एक जिला एक-उत्पाद के तहत केले से बनी वस्तुयें भेंट की गई।



भीकनगाँवःइस बार भीकनगाँव नगर की जनता को देवो के देव महादेव एवं माँ पार्वती जी स्वरूप में सजे गणगौर माता और धनियर राजा के देंगे दर्शन जो नगर में रहेंगे आकर्षक का केंद्र! छायाःअर्पित जायसवाल

## माँ ताप्ती का पूजन-अर्चन कर अभियान का हुआ शुभारंभ

**बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित है। इसी श्रृंखला में आज ताप्ती नदी स्थित राजघाट पर माँ ताप्ती का पूजन-अर्चन करते हुए अभियान की शुरूआत की गई।**



इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, अधिकारीगणों-कर्मचारीगणों, गणमान्य नागरिकगणों, छात्र-छात्राओं ने आगे आकर श्रमदान किया। अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थितजनों को जल संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज की भागीदारी और विभिन्न विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण, संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर करना है। अभियान में समाज की सहभागिता के लिए जन-जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन और कार्य किये जायेंगे। संपूर्ण अभियान इस तरह से नियोजित किया जाना है कि, यह अभियान समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरक्षण व संवर्धन का जन आंदोलन बन सकें।

### देश दुनिया के लिए कि अमन चैन की दुआ

# बोहरा समाज ने मनाई ईद

बुरहानपुर (ईएमएस)। दाउदी बोहरा समाज द्वारा ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया सुबह शहर की मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। बोरा समाज में रविवार को रमजान माह की समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्यौहार मनाया वहीं मुस्लिम समाज चांद देखने पर कल मान सकते हैं ईद अंजुमन जमात क्क्रह कमेटी के कोडिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने बताया कि शहर की 16 मस्जिदों में ईद के खुतबे के बाद विशेष नमाज अदा की गई जिसमें आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली ने नजमपुरा स्थित नजमी मस्जिद एवम सहायक आमिल शेख यूसुफ भाई जमाली ने ताहेरी मस्जिद में समाज जनो को ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। ईद की विशेष





नमाज के बाद तमाम आलम के लोगो की खुशहाली ओर तरक्की की दुआएं की जिसमे विशेष तौर पर देश में अमन सकून, तरक्की और खुशहाली की दुआ की गई ईद उल फितर के मौके पर दाउदी बोहरा समाज द्वारा एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद के इस खास अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला ईद की नमाज के बाद शहर आमिल साहब को ईद की मुबारकबाद देने पूर्व विधायक ठा. सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री अजयसिंह रघुवंशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकू टाक, कांग्रेस नेता इंद्रसेन दशमुख हर्षित सिंह ठाकुर पार्षद नौमान भाई, अरुण जोशी,निखिल खण्डेलवाल, श्याम बन्नतवाला ,आदि ने जकवि हवेली पहुच कर ईद की मुबारकबाद दी!

## नाबालिक किशोरी के साथ रेप के आरोपी को 20 साल की जेल

भोपाल(ईएमएस)। सिंतबर 2021 में शॉहजहॉनाबाद थाना इलाके में नाबालिग के साथ गलत काम करने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला अदालत ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। संभागीय जनसम्?पर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि कुमुदिनी पटेल विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने बलात्कार करने वाले आरोपी सलमान को धारा 376(3), 506 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे दोष सिद्ध पाते हुये धारा 376(3) भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे 20 साल का का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये के अर्थदण?ड एवं 506 भादवि मे 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू अर्थदण?ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। मनोज त्रिपाठी ने बताया की 15 अक्टूबर 2021 को किशोरी ने अपनी मॉ के साथ शाहजहानाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह अपने माँ और भाई-बहन के साथ रहती है। उसके पापा का देहांत हो चुका है।

## लुटेरो नें बहन-बेटी के साथ प्रेयर कर लौट रही एक्टिवा सवार महिला के गले से चैन झपटी

भोपाल(ईएमएस)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में बैखौफ बाइक पर सवार दो लुटेरो ने एक महिला को अपना निशाना बनाकर उसके गले में पहनी सोने की चेन झपटकर भाग गए। पुलिस आरोपियो की पहचान जुटाकर उनकी धरपकड़ के प्रयास कर रही है। बताया गया है की घटना 27 मार्च रात करीब साढ़े आठ बजे की है। वारदात के समय पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ गिरजाघर से प्रेयर सभा में शामिल होने के बाद वापस लौट रही थी। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के रोहित नगर के नजदीक बंसल विहार कॉलोनी में रहने वाली शिरीन लुईस पिता स्वर्गीय जन लुईस (40) गुरुवार शाम को अपनी छोटी बहन डर्थी लुईस और बेटी के साथ दो पहिया एक्टिवा वाहन से सलैया में स्थित बीडीए कॉलोनी में गिरजाघर में प्रार्थना



सभा में शामिल होने गई थी। देर शाम तीनो गिरजाघर से वापस लौट रही थी। करीब साढे सात बजे जैसै ही तीनों एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार आये दो बदमाशो में से पीछे बैठे युवक ने शिरीन लुईस के गले में पहनी हुई सोने की चेन पर झपट्टा मारकर उसे अपने कब्जे में कर लिया, सोने की चेन में सोने का एक पेंडेंट भी था। महिला ने पुलिस को बताया की बाइक चला रहा लड़का हेलमेट पहने था। महिला पहले घटना की शिकायत दर्ज कराने मिसरोद थाने पहुंची थी। वहां उन्हें बताया गया कि लूट का घटनास्थल शाहपुरा थाना इलाके में आता है। जिसके चलते वह अगले दिन सुबह के समय थाने शाहपुरा थाने पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच शुरु कर दी है।



## पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ, सूर्य को दिया अर्घ्य

शाजापुर, निप्र। नगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा स्टेशन रोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार से प्रतिदिन प्रातः 5.00 बजे से सामूहिक गायत्री जप साधना, 7.30 बजे से 9 बजे तक पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख ट्रस्ट्री प्रदीप वैद्य ने बताया कि पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्र, महामृतुंजय मंत्र से राष्ट्र के नव निर्माण, सुख, शांति, समृद्धि के लिए आहुतियां समर्पित की जा रही है। इसके साथ प्रतिदिन विभिन्न संस्कार, मुंडन, अन्नप्राशन नामकरण, दीक्षा, विद्याआरंभ, जन्मदिवस, विवाह दिवस, पुंशवन, आदि संस्कार निशुल्क कराए जा रहे है। उन्हौने बताया कि रामनवमी पर्व के दिन साधना, अनुष्ठान की पूर्णाहुति व कन्या भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस दौरान हिंदू नववर्ष विक्रम संवत की शुरुआत चैत्र प्रतिपदा पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक रूप से सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष की अगवानी की गई। हिंदू नववर्ष की शुरुआत के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत हुई।

# दंगाइयों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने छोड़ी टियर व स्मोक गैस

भोपाल(ईएमएस)। बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा में दंगाइयों को रोकने के लिए आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल के साथ ही टियर गैस के गोले दागे गय, तोड़फोड़ और पथराव कर रहे उपद्रवियो को तितर-वितर करने के लिए पुलिस ने स्मोक गैस का इस्तेमाल किया वहीं इस दंगे में घायल हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

यह नजारा देहात इलाके में खेल मैदान में शनिवार को बलवा मॉक ड्रिल के दौरान नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर बैरसिया नगर में पैदल मार्च मुख्य मार्ग से निकाला गया। बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के जरिए पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरीके सिखाए गए। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा नें बताया कि भोपाल ग्रामीण पुलिस का बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया गया है। इस तरह की रिहर्सल समय-समय पर की जाती हैं, जिससे पुलिस की तैयारी में कोई नजर आने पर उसमें सुधार किया जा सके। इससे अचानक बलवा आदि की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस को कैसे रिएक्ट करना है, यह सिखाया जाता है। इस मौके पर एसडीओपी बैरसिया सर्वप्रिय सिन्हा एसडीओपी बिलखिरिया प्रिया सिंधी, एसडीओपी इटखेड़ी मंजू चौहान, रक्षित निरीक्षक श्याम किशोर झरवडे, बैरसिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा सहित जिला देहात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।